## संक्षिप्त

### श्रमिकों के अधिकार बताए

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान की अनुपालना में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुरके निर्देषानुसारविष्व मजदूर दिवस पर पैरा लीगल वॉलिंटियर प्रदीप कुमार द्वारा विभिन्न स्थानों परविधिक साक्षरता षिविरों का आयोजन किया गया। षिविर में पैरा लीगल वॉलिंटियर, प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा लक्ष्मण मंदिर, भरतपुर पर उपस्थित श्रमिकों को उनके अधिकार, मजदूर श्रम कार्ड, मजदूरी कार्ड, श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजना, अनुसूचित जाति/जनजाती के विरूद्ध अस्पृष्यता और अत्याचार के अपराधों से संबंधी कानून, लोक उपयोगी समस्याओं का सुलभ और त्वरित समाधान, नि:षुल्क विधिक सहायता, बाल विवाह के दुष्परिणाम, साइबर क्राइम, पोक्सो अधिनियम, घरेलू हिंसा और शोषण, जबरन बालश्रम, पीडित प्रतिकर योजना, पीडित प्रतिकर स्कीम, नालसा स्कीमस, आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसी क्रम में पैरा लीगल वॉलिंटियर, भरतपुर प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा एसडीएस माध्यमिक विद्यालय, भरतपुर एवं कोली धर्मषाला, अनाह गेट, बजरिया, भरतपुर में भी विधिक जागरूकता षिविर का आयोजिन किया गया।

### गोपीनाथ मंदिर का होगा भव्य जीर्णोद्धार

**पावटा**। ग्राम चतरपुरा में स्थित प्राचीन गोपीनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ धार्मिक माहौल में संपन्न हुआ। श्याम मंदिर के संत सत्यनारायण भारती के सानिध्य में मंदिर की नींव का शुभ मुहूर्त लगाया गया। इस दौरान पंडित गोपाल शुक्ल ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम को सम्पन्न करवाया। कार्यक्रम में संत सत्यनारायण भारती ने कहा कि गोपीनाथ मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है और यह हमारी सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने बताया कि ठाामीणों के सहयोग और ठाकुर जी की कृपा से मंदिर का भव्य जीर्णोद्धार कराया जाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ियां भी इस धार्मिक स्थल से जुड़ सकेंगी। इस अवसर पर गांव में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। ठाामीणों ने मंदिर निर्माण में बढ-चढकर सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भक्त पवन शर्मा, दाताराम गुर्जर, पूर्व सरपंच रामस्वरूप सिंह, सुमेर सिंह, सेडूराम फौजी, राधेश्याम सिंह, बाबूलाल सिंह, किशन सिंह, राम अवतार, गणपत लाल, दाताराम सिंधु सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### विकास कार्यों पर होगी चर्चा

**निवाई**। देवधाम जोधपुरिया के श्री देवनारायण मंदिर में रविवार को श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट की बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश कुमार गुर्जर दौसा अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक के दौरान मंदिर के आय-व्यय का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा और मंदिर के आगामी विकास कार्यों, सौंदर्यीकरण व दान पेटी खोलने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। महामंत्री रतनदीप गुर्जर व कोषाध्यक्ष जगदीशनारायण गुर्जर सांगानेर ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी समाज बंधु अप्रैल माह के आय-व्यय व खर्चों के हिसाब, जिसमें बिल वाउचर व रसीदें शामिल हैं, के अवलोकन के लिए सादर आमंत्रित हैं।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 12 जोडे बने हमसफर, वर वधू को शुभकामनाएं दी



निवाई के अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया।

■ **बेटियों की शादी करवाना सबसे बडा पुण्य का कार्य - बिरधी चन्द शर्मा**

**निवाई**। अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में अलियाबाद मोड पर स्थित छात्रावास परिसर विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 12 जोड़े हमसफर बने एवं नए जीवन की शुरूआत की। समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा बंबाला, राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम अलियाबाद, विधायक रामसहाय वर्मा व पूर्व सांसद सुखबीरसिंह जौनापुरिया सहित अन्य अतिथियों ने वर-वधु को नए जीवन की शुरूआत के लिए आशीर्वाद दिया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि विवाह सम्मेलनों के आयोजन से धन व समय की बचत होती है। उन्होंने कहा कि बेटियों की शादी करवाना सबसे बडा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों की पहल करने वाले कार्यकर्ता धन्यवाद के पात्र है, जिन्होंने अपना कीमती समय निकालकर समाज के लोगों को एक जाजम पर बैठाने का कार्य किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा बंबाला ने कहा कि समाज सेवा करने का मौका नसीब वाले लोगों को मिलता है। समाज के विकास में भामाशाह भी भागेदारी निभाएं। समाज का हर व्यक्ति समाज सेवा में भागेदारी निभाएं। राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम अलियाबाद ने बताया कि विवाह सम्मेलन में 12 जोड़ों का विवाह संपन्न करवाया गया है। विवाह सम्मेलन को लेकर सुबह साढे 8 बजे दुल्हा-दुल्हन की निकासी निकाली गई। वधु पक्ष की ओर से बारातियों का स्वागत किया गया। इसके बाद तोरण की रस्म व वरमाला का आयोजन हुआ। वरमाला के बाद विद्वान पंडितों के सानिध्य में पाणिग्रहण संस्कार करवाया। तत्पश्चात आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों ने वर-वधु को लम्बे जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीचन्द शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में भामाशाहों द्वारा वर-वधु को उपहार भी दिया गया। इस दौरान भोग लगाकर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

### पेंशन योजना के लिए पंजीकरण

**दौसा**। असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, पथ विक्रेता और लोक कलाकार मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के लिए पंजीकरण करवाकर लाभ ले सकते हैं। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक मनोज कुमार दीक्षित ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, पथ विक्रेताओं और लोक कलाकारों को सामाजिक सुरक्षा देना और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाना है। योजना में 41 से 45 वर्ष आयु वर्ग के पात्र लोगों को शामिल किया जाएगा। इस योजना के तहत पात्र अभिदाताओं को 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर हर महीने 3000 रुपए पेंशन दी जाएगी, जिससे उन्हें बुढ़ापे में आर्थिक सहारा मिल सके। पेंशन का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन पोर्टल के जरिए किया जाएगा। योजना के लिए पंजीकरण शुरू हो चुका है। इच्छुक व्यक्ति जिला मुख्यालय स्थित राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग कार्यालय में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं।

# जनसंवाद से योजनाओं की मिल रही उपयोगी जानकारी

■ **कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने ग्रामीणों का मनोरंजन किया, वहीं योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया को भी सरल भाषा में समझाया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित मार्गदर्शिका एवं प्रचार सामग्री वितरित कर उन्हें जागरूक किया**

**टोंक,** । राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने के उद्देश्य से जिले में संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत शुक्रवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में उत्साहपूर्ण और आकर्षक कार्यक्रम हुए। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए योजनाओं की जानकारी लेने के साथ-साथ इनका लाभ भी लिया जा रहा है।

शुक्रवार को उपखंड निवाई की ठााम पंचायत सिरोही, बड़ागांव, अरनिया, श्रीरामपुरा, कुरावदा-सीपुरा, ललवाडी में उपखंड टोडारायसिंह में पथराजकलां, मूण्डियाकलां, निम्हेडा, पवालिया, मांदोलाई में, उपखंड उनियारा में रसूलपुरा, झुण्डवा, खातोली, देवली, गाडोली में, उपखंड टोंक की ठााम पंचायत झालरा, काबरा, घांसड़ी एवं लवादर में एलईडी वैन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया।

इन गांवों में ग्राम रथ पहुँचते ही ठाामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम स्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान 13 विभागों की प्रमुख योजनाओं का डिजिटल माध्यम से जीवंत प्रसारण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का संदेश भी ठाामीणों को सुनाया गया, जिसमें उन्होंने आमजन से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आ ान किया। कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों ने गीत, भजन और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने ग्रामीणों का मनोरंजन किया, वहीं योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया को भी सरल भाषा में समझाया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित मार्गदर्शिका एवं प्रचार सामग्री वितरित कर उन्हें जागरूक किया। ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ठााम रथ के साथ विशेष सुझाव पेटिका भी रखी गई, जिसमें ग्रामीणों ने अपने सुझाव और फीडबैक दर्ज कराए। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुँचाकर उसे लाभ से जोड़ना है।

ग्राम रथ अभियान के तहत कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायती राज, ग्रामीण विकास विभाग की सहभागिता से कृषकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक रथ में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं की ऑडियो, वीडियो प्रस्तुति की व्यवस्था की गई है।

## सार-समाचार

### जिन हाथों ने शहर बनाया, आज उन्हीं का सम्मान



**लालसोट** । अनुराग सेवा संस्थान द्वारा स्थापना के 31 वर्ष पूर्ण होने पर अनुराग-31 अभियान के तहत शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गणगौर मेला मैदान में श्रमनिष्ठ सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेहनतकश मजदूरों को मंगल तिलक लगाकर व उत्तरीय ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्थान सदस्यों ने मजदूरों के साथ बैठकर अल्पाहार ठाहण किया, जिससे आपसी सम्मान और समानता का संदेश दिया गया। संरक्षिका अंजना त्यागी ने कहा कि श्रम ही मानव जीवन की सबसे बडी पूंजी है, बिना मेहनत के कोई भी सफलता संभव नहीं है। संस्थापक संयोजक सियाराम शर्मा ने कहा कि मजदूरों का पसीना ही हमारे आलीशान भवनों की नींव है, इनके बिना विकास अधूरा है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्थान पिता-विहीन बेटियों के विवाह का संपूर्ण दायित्व उठाने के लिए समाज से सहयोग ले रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए संस्थान द्वारा अनुराग परिण्डा अभियान के तहत बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए और वितरित किए गए। न्यू कॉलोनी सहित विभिन्न स्थानों पर लोगों ने अपने घरों, पेड़ों और छतों पर परिंडे लगाकर नियमित पानी भरने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मेनपाल त्यागी, मंगलराम प्रजापत, सुनील सूरतपुरा, दीपक सुकार, राजेंद्र डोब, अंशुल सोनी, मनोज भट्ट, अजय हट्टीका सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को सम्मानित किया

**निवाई**। श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर को लेकर श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर एवं श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अठावाल मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं एवं विद्वानों का आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान बाल बोध जैन धर्म एवं जैन धर्म के छहढाला में चयनित शिविरार्थियों को भी सम्मानित किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता सुनिल भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि कार्यक्रम से पूर्व शिखरचंद काला व पदमचंद टोंग्या ने भगवान चंद्रप्रभु जी के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में छात्र छात्राओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढकर भाग लिया एवं आयोजन समिति ने सोम्या जैन, नेहल जैन, माक्षी जैन, दर्श पाटनी, सर्वज्ञ जैन, आराध्या जैन, कियारा जैन, लावन्या जैन, अंशी जैन, वंश जैन व वंशिका जैन सहित कई प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विजया टोंग्या, शशी सोगाणी, अनिता छाबड़ा, प्रेमा कासलीवाल, पदमा मित्तल, हेमा बनेठा, आशा गिंदोड़ी, सुनिता जैन, नेहा जगतपुरा, रेणू बोहरा, मंजूला जैन, अनिता कठमाणा, नेहा सोगानी, प्रिती जैन व मधु जैन सहित कई विद्वानों का भी सम्मान किया गया।

### मजदूर दिवस पर वरिष्ठ पेंशनर सम्मानित

**फुलेरा**। मजदूर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रेल परिसर स्थित वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन कार्यालय में एक कार्यक्रम महेशसहाय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के महामंत्री मुकेश माथुर रहे वहीं विशिष्ट अतिथियों में मंडल मंत्री राकेश यादव, मंडल अध्यक्ष केएस अहलावत, मंडल कोषाध्यक्ष अनूप शर्मा, ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन जयपुर मंडलमंत्री एसके माथुर तथा शाखा सचिव नौनिहाल सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान हमीर सिंह (शाखा सचिव) सहित प्रहलाद राम, राजेंद्र चौधरी, सुरेश जांगिड़, रामसिंह यादव, गणेश नारायण, भव्य ओबरॉय, नरेंद्र सिंह चाहर, नरसिंह लाल गुर्जर, अभिषेक दीक्षित, जगदीश कायथ, आनंद स्वरूप मेहरोत्रा सहित कई सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर 92 वर्षीय वरिष्ठ पेंशनर बलबीर सिंह (ट्रेन मैनेजर) का विशेष सम्मान किया गया, महामंत्री मुकेश माथुर ने उन्हें शाल व माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में करीब 70 पेंशनर्स ने भाग लिया। मुकेश माथुर ने 8वें वेतन आयोग पर व रेलकर्मियों के हित में अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि वित्त विधेयक के माध्यम से पेंशन अधिनियम की धाराओं 149 व 150 में बदलाव कर पेंशनर्स के साथ भेदभाव की नीति अपनाने की आशंका है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 1 जनवरी 2026 से पहले के पुराने पेंशनर्स को 8वें वेतन आयोग के लाभ से वंचित रखने के प्रयास किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में बिरदा बी., सुरेश आर.के., भगवती प्रसाद पंवार, ललित ओबेरॉय सहित सैकड़ों रेलकर्मी व पेंशनर्स भी उपस्थित रहे।

### अवैध खनन में ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार

**भरतपुर** (निस)। जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भरतपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रूपवास थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से भरे पत्थरों को जब्त कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर दिगंत आनंद के निर्देशन में जिलेभर में अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना रूपवास प्रभारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 30 अप्रैल 2026 को यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, थाना रूपवास के उपनिरीक्षक होरीलाल पुलिस जाप्ते के साथ वाहन चेकिंग और नाकाबंदी कर रहे थे। इसी दौरान घाटौली तिराहा के पास एक बिना नंबर का ट्रैक्टर-ट्रॉली आता दिखाई दिया, जिसमें वन संरक्षित क्षेत्र से अवैध रूप से खनन कर पत्थर भरे हुए थे। पुलिस नाकाबंदी देखकर चालक भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

## ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई

■ **कॉलेज शिक्षा आयुक्तलय ने सरकारी कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम में प्रवेश प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया गया है।**

**निवाई**। राजकीय महाविद्यालय में महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 मई तक होंगे एवं 1 जुलाई से कक्षाओं का शुभारंभ होगा। स्नातक प्रवेश प्रभारी प्रो. मदनमोहन महावर ने बताया कि कॉलेज शिक्षा आयुक्तलय ने सरकारी कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम में प्रवेश प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शैक्षिणक सत्र 1 जुलाई से शुरू होगा। सभी अभिभावकों एवं छात्रों को इस सत्र में विशेष ध्यान रखकर समय पर आवेदन करना है जिससे वह आवेदन से वंचित नहीं रहे। महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय में गणित एवं जीवविज्ञान विषय में आवेदन मांगे जा रहे है। ऑनलाइन आवेदन 15 मई तक भरे जाएंगे और वरियता सूची एवं प्रतिक्षा सूची का प्रकाशन 20 मई को होगा। वरियता सूची एवं प्रतिक्षा सूची के सभी विद्यार्थियों के महाविद्यालय में डाक्यूमेंट सत्यापन एवं डॉक्यूमेंट सत्यापन के पश्चात ईमित्र पर फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 25 मई है। उन्होंने बताया कि ट्रांसजेंडर व शहीदों के पुत्र पुत्रियों व जिनके माता-पिता दोनों अथवा जिन छात्राओं के पति की मृत्यु कोविड से हो गई है। उन्हें भी न्यूनतम उत्तीर्णांक पर प्रवेश दिया जाएगा। सह शिक्षा वाले कॉलेज में 30 फीसदी सीट छात्राओं के लिए रिजर्व रहेंगे। प्राचार्य प्रो. मीनाक्षी बघेल ने बताया कि विद्यार्थियों की आवेदन ऑनलाइन भरना होगा या आवेदन ई मित्र तथा अपने स्तर पर विद्यार्थी भर सकेंगे आवेदन में सबसे पहले संबंधित विद्यार्थी को एसएसओ आईडी बनानी होगी। इसी के माध्यम से फॉर्म भरने की प्रक्रिया होगी। इसमें सिटीजन सोशल एप्लीकेशन में इसकी प्रक्रिया करनी होगी ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपने जन आधार नंबर को सही भरें। कक्षा 10वीं 12वीं की मार्कशीट कैटिगरी सर्टिफिकेट जो निर्धारित शर्तें पूरी करता हो बोनस अंक के लिए क्लेम वाले प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होंगे।

### 4 मोटरसाइकिलों के साथ युवक को दबोचा

**जयपुर**। चौमूं थाना पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद के शौक पूरे करने के लिए मोटरसाइकिलें चुराता था और उन्हें मॉडिफाई कर उपयोग में लेता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की 4 मोटरसाइकिलें, अलग-अलग वाहनों के पार्ट्स और नंबर प्लेटें बरामद की हैं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि चौमूं थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर युवराज सिंह (22) निवासी प्रेमनगर (दौलतपुरा) को गिरफ्तार है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसे मोटरसाइकिलों को मॉडिफाई कर चलाने का शौक है।

इसी शौक को पूरा करने के लिए वह चौमूं, हरमाड़ा, मुरलीपुरा सहित अन्य थाना क्षेत्रों से मोटरसाइकिलें चोरी करता था। आरोपी घर वालों को यह बताता था कि वह फाइनेंस कंपनी में रिकवरी का काम करता है, ताकि किसी को शक न हो।

वह चोरी की गई मोटरसाइकिल के खराब होने पर उसे किसी सुनसान जगह छोड़ देता और दूसरी गाड़ी चोरी कर लेता था।

## 3 मई को होगी नीट-यूजी 2026 परीक्षा

■ **जिले में 19 केंद्रों पर 6168 अभ्यर्थी होंगे शामिल**

■ **जिले में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 6168 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।**

**पावटा**। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा का आयोजन 3 मई (रविवार) को जिले के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

एग्जाम सिटी कोऑर्डिनेटर संजू जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 6168 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे से प्रवेश दिया जाएगा, जबकि अंतिम प्रवेश समय दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा के निष्पक्ष और सुचारू संचालन के लिए प्रशासन ने मजबूत व्यवस्थाएं की हैं। कुल 514 इनविजिलेटर, 21 ऑब्जर्वर और 19 ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही पर्याप्त सहायक स्टाफ भी लगाया गया है, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती, सघन निगरानी और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए एडवाइजरी और रूट चार्ट (क्यूआर कोड) जारी किए गए हैं। साथ ही ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर भी विशेष योजना बनाई गई है, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने बताया कि परीक्षा के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर कडी नजर रखी जाएगी। केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के लिए सख्त चौकसी के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सतवीर सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक ने पुलिस और परिवहन विभाग को संभावित भीड़भाड़ वाले स्थानों का पूर्व चिन्हीकरण कर प्रभावी क्राउड मैनेजमेंट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने अभ्यर्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

### मां देवयानी का वार्षिक मेला भरा

**सांभरझील**। असुरों के गुरु शुक्राचार्य की पुत्री मां देवयानी का बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित वार्षिक मेले के दौरान सांभर सहित आसपास से गांवों से भी हजारों की तादाद में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सूर्योदय से पहले ही देवयानी सरोवर पर भारी तादाद में महिलाओं का जुटना शुरू हो गया और दोपहर बाद तक सरोवर में स्नान कर मां देवयानी मंदिर में जाकर दर्शन किए और मन्नतें मांगी। सभी तीर्थों की नानी के नाम से मशहूर होने के कारण बताया जाता है कि सब तीर्थ में स्नान करने के बाद यहां पर स्नान करना धार्मिक दृष्टि से महत्व रखता है। वार्षिक मेले के अलावा भी यहां अक्सर महिलाएं अनेक जिलों से आकर मां देवयानी को धोक लगाती है। गुरु शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी यहीं पर जल मग्न हुई थी इसलिए इस सरोवर को तीर्थ स्थल के रूप में पहचान मिली हुई है। देवयानी का संबंध कच से भी जुड़ा हुआ है जो देवताओं के गुरु बृहस्पति के पुत्र थे। गुरु शुक्राचार्य संजीवनी विद्या के ज्ञाता थे इसलिए कच इनके पास संजीवनी विद्या सीखने भी आए थे। महाभारत और भगवत पुराण में भी देवयानी का वर्णन प्राप्त होता है।

## नथ लूट का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

■ **बुजुर्ग महिला से सोने की नथ लूट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया है**

**फुलेरा**। फुलेरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बुजुर्ग महिला से सोने की नथ लूट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया है।

फुलेरा थानाधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि परिवादी गोपाल लाल गुर्जर निवासी रोजड़ी ने 16 अप्रैल 2026 को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 2 अप्रैल को उनकी दादी घर से करीब 300 मीटर दूर खेत के पास गई थीं। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर आए दो अज्ञात बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने उनकी सोने की नथ लूट ली और फरार हो गए। मामले में फुलेरा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू व वृताधिकारी सांभरलेक के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम ने तकनीकी व सूचना तंत्र के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में कुलदीप सिंह (25) निवासी सांभरलेक और नगेंद्र सिंह उर्फ नीकू (23) निवासी कुडली थाना डीडवाना शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी कुलदीप के घर से लूटी गई सोने की नथ बरामद कर ली है, साथ ही वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए सुनसान इलाकों में बुजुर्ग महिलाओं व राहगीरों को निशाना बनाकर लूट की वारदात को अंजाम देते थे। दोनों आरोपी पूर्व में भी हत्या और लूट जैसे गंभीर मामलों में जेल जा चुके हैं। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है, जिससे अन्य वारदातों के खुलासे की भी संभावना जताई जा रही है।

### शहीद जय नारायण जाट को किया याद

**निवाई**। गांव लुहारा में लॉन्स नायक शहीद जयनारायण जाट की 27 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इसको लेकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रधानाचार्य प्रद्युम्न सालोदिया के निर्देशन में गांव में प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने देश का बेटा कैसा हो, शहीद जयनारायण जैसा हो व जब तक सूरज चांद रहेगा, जयनारायण तेरा नाम रहेगा जैसे देशभक्ति के नारों के साथ भव्य रैली निकाली। इस दौरान विद्यार्थियों को लांस नायक शहीद जयनारायण जाट के बलिदान की गाथा सुनाई। सभी ने शहीद स्मारक पहुंचकर लॉन्स नायक जाट की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद के भाई रामजीलाल जाट ने गर्व के साथ बताया कि शहीद जयनारायण पाँच आतंकवादियों को मारने के बाद उनसे लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। कार्यक्रम में वीरांगना सुशीला देवी सहित प्रशासक बिंदु कंवर, उप सरपंच गीता देवी, भवानी सिंह, पूर्व सीआर सूरज बैरवा, प्रभु फौजी सहित कई गणमान्य नागरिकों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

# भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की निकली सजीव झांकी




श्रीमद् भागवत कथा व देर रात्रि को हो रहे नानी बाई को मायरो कार्यक्रम में श्रद्धा का जन सैलाब उमड़ा।

■ **अखाड़ा वाले ओंकारेश्वर महादेव मन्दिर का उद्घाटन महोत्सव**

**कोटपूतली**। कस्बे के बडाबास मोहल्ले में बाला वाला कुआ के पास स्थित नवनिर्मित अखाडा वाले ओंकारेश्वर महादेव व संकट मोचन हनुमान मंदिर के उद्घाटन समारोह में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिल रहा है आपको बता दें कि श्रीमती कांता देवी एवं पंडित रामनिवास शर्मा द्वारा पूर्वजों की स्मृति में नवनिर्मित इस मंदिर के कार्यक्रम के दौरान गुरुवार को समारोह के पांचवे दिन श्रीमद् भागवत कथा व देर रात्रि को हो रहे नानी बाई को मायरो कार्यक्रम में श्रद्धा का जन सैलाब उमड़ा। कार्यक्रम में पधारे हनुमानगढ़ के पंडित हरीश महाराज ने कथा में प्रवचन के दौरान कहा कि व्यक्ति को जीवन में आने वाले दुखों से घबराना नहीं चाहिए महाराज ने कहा कि सुख-दुख भगवान की लीला के अनुसार जीवन में आते है। उन्होंने भक्त प्रहलाद, भगवान नरसिंह अवतार, गजेंद्र मोक्ष, गरुड़ का अभिमान मर्दन, समुद्र मंथन तथा राजा हरिश्चंद्र के वृतांत पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि भक्त प्रहलाद का भगवान के प्रति अटूट विश्वास रहा वही भगवान भी अपने भक्तों की पग पग पर रक्षा करते हैं और राजा बलि की कथा में दान की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि दान करने से धन शुद्ध होता है और भगवान राम की कथा एवं कृष्ण जन्मोत्सव की सजीव लीलाएं कि गई ।जिन्हें देख कर लोग भावविभोर हो गए । जन्मोत्सव के दौरान लोगों ने खूब बधाइयां गई । वहीं रात्रि में नानी बाई का मायरा हुआ ।नानीबाई मायरा में बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर चुरु तारानगर के अपर जिला न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने भी सहपरिवार कथा में पंहुच कर कथा का रसपान किया । इस मोके पर शिव कुमार शर्मा, विधि सलाहकार कमल प्रसाद शर्मा, इलेक्ट्रिशियन संजय कुमार शर्मा, एडवोकेट के. के. शर्मा, डॉ. अनिल कुमार शर्मा पत्रकार, आदित्य शर्मा, जयराम सूद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## International Harry Potter Day: Celebrating the Magic of Stories

Observed on May 2, International Harry Potter Day honours the beloved wizarding world created by J.K. Rowling and the lasting impact it has had on readers across generations. The date marks the Battle of Hogwarts, symbolising courage, friendship, and the triumph of good over evil. Fans celebrate by revisiting the books and films, hosting themed events, and sharing their love for the series online. Beyond magic and adventure, the story's themes of loyalty, resilience, and standing up for what is right continue to inspire millions around the world.



#DEATH ANNIVERSARY

# "Miyan ki Jooti Miyan ke Sar"

The establishment of Banaras Hindu University (BHU) was a monumental task, and Mahamana Madan Mohan Malaviya Ji took the initiative to gather funds





"Miyan ki jooti miyan ke sar," (The shoe belongs to the man, it's his responsibility) how did this proverb come to be? Perhaps, very few of us know the origin of this saying. Let's find out.

The establishment of Banaras Hindu University (BHU) was a monumental task, and it was Mahamana Madan Mohan Malaviya Ji who took the initiative to gather funds for it, reaching out from Peshawar to Kanyakumari. At that time, he collected around 1.64 million rupees. The King of Kashi donated the land, and the King of Darbhanga contributed 25 lakh rupees for the cause. Meanwhile, the Nizam of Hyderabad insisted that the word 'Hindu' be removed from the name of the university before he would donate anything.

When Mahamana refused to comply, the Nizam reportedly said, "Take my shoe then." Mahamana took the Nizam's shoe and traveled to Hyderabad, where he put it up for auction near the Charminar.

When the Nizam's mother learned of this, she rushed to the auction in a closed carriage and bid around 4 lakh rupees to purchase the shoe. She felt that her son's honour was being auctioned off in the middle of the city. After this incident, the proverb "Miyan ki jooti miyan ke sar" (The shoe belongs to the man, it's his responsibility) became widely used.

### India's Jewel: Bharat Ratna Pt. Madan Mohan Malaviya Ji

A fierce proponent of nationalism, the founder of Banaras Hindu University, a great social reformer, educator, and freedom fighter, Bharat Ratna Pandit Madan Mohan Malaviya Ji's death anniversary is observed annually.






# Look For Buried Treasure Here!

Gold seekers have now returned to Auburn, inspired by rising gold prices and TV shows that follow the exploits of modern-day gold miners. Many of Auburn's new prospectors pan for gold along the American River in the Auburn State Recreation Area. Some boost their chances by using metal detectors. The Recreation Area office has published a list of rules for prospectors: Pans are the only 'tools' allowed, findings must not be sold for profit, and no one may gather more than 15 pounds of mineral material per day, etc. In the past, people have actually been arrested for trespassing and taking gold from property owned by private mining companies.





Auburn, California



Ozark Hills (Missouri)



Amelia Island (Florida)



Pahrump, Nevada



Catskill Mountains (New York)

#PROSPECTING

● Verna Mohon

Oh, you thought buried treasure was nothing more than a fairytale plot line? Quite the contrary. From gold to gemstones to copper to possibly even a queen's jewels, there are throngs of extremely valuable items hidden away in the mountains, coves, and oceans of the U.S.

Some are easier to find than others. You might, for example, find treasure after just one afternoon immersed in Arkansas' Crater of Diamonds. On the other hand, you could spend a lifetime trying to decode the ciphers that apparently lead to a Virginia trove and still come away empty-handed.

Choose your challenge with these eight destinations for modern-day treasure hunters.

### Crater of Diamonds State Park (Arkansas)

Diamonds were first discovered on the site that's now known as Crater of Diamonds State Park, in the early 1900s. After failed attempts at commercial mining, the rural southwestern Arkansas treasure trove became a 900-acre tourist attraction. Public interest was piqued in the 1950s, when a 15-carat stone, later named the Star of Arkansas, was discovered. Today, a 37-acre plowed field in the middle of the park acts as the diamond-hunting hub. More than 29,000 diamonds have been found since the Crater of Diamonds became a state park. That's about 600 per year, according to the Arkansas Department of Parks and Tourism, and the policy is 'finders, keepers.'

### Bedford, Virginia

One of America's strangest treasure stories involves a series of ciphers that supposedly tell the whereabouts of a treasure buried in Bedford, Virginia. In 1819, Thomas Beale and a group of men reportedly brought a large treasure they found in the American West to their home state of Virginia, where they buried it. Beale subsequently wrote three ciphers that would reveal the location and contents of the treasure in case something would happen to the men when they returned to the West for more treasure.

None of them ever returned, and no one was able to decipher Beale's codes. After the story was made public in the 1880s, people were able to decode one of the ciphers, but it spoke only of the contents of the treasure, not its location. Many claim the whole story is a hoax, but cryptographers continue to try to crack the codes today.



Crater of Diamonds State Park (Arkansas)



Bedford, Virginia

### Jade Cove (California)

Jade is a semiprecious gemstone, often green in colour, that can be found on the shore and in the waters of Jade Cove, a scenic seaside area in Big Sur on California's Central Coast. Scuba divers tend to find the largest stones offshore, but casual treasure seekers sometimes find sizable pebbles on the beach during low tide or after a storm.

Jade Cove is an idyllic place to hunt for treasure, the stunning coastal scenery can be as rewarding as finding a gemstone. The cove is quite difficult to access, which helps keep the number of jade-seekers down. Also, regulations stipulate that only hand tools are allowed to help extract the jade and that collectors may only take what they can carry themselves.

### Auburn, California

Auburn was a major destination for Gold Rush-era prospectors. After gold was discovered there in 1848, thousands of miners came to the area. Auburn's restored Old Town hearkens back to this 19th-century heyday.

More than a century later, gold seekers have now returned to Auburn, inspired by rising gold prices and TV shows that follow the exploits of modern-day gold miners. Many of Auburn's new prospectors pan for gold along the American River in the Auburn State Recreation Area. Some boost their chances by using metal detectors.

The Recreation Area office has published a list of rules for prospectors: Pans are the only 'tools' allowed, findings must not be sold for profit, and no one may gather more than 15 pounds of mineral material per day, etc. In the past, people have actually been arrested for trespassing and taking gold from property owned by private mining companies.

### Ozark Hills (Missouri)

A lucrative copper mine was once operating near the Current River in Missouri's Ozark Hills. In the mid-18th century, the mine's owner, Joseph Slater, would allegedly float large amounts of high-grade copper down to New Orleans. In an effort to keep the location of his mine secret, he filed a claim for the mine several miles from where it actually was. This means that the location of one of the country's most profitable copper mines was never known to anyone but Slater and his daughter.

Slater moved away with intentions of returning to the mine one day, but he died before he could do so. It's said that he and his daughter carefully covered its entrance so that no one would be able to find it before they returned, but treasure hunters and curiosity seekers have been scouring the area for almost a century to no avail. Thus, it's been dubbed the Lost Copper Mine.

### Amelia Island (Florida)

One of the largest remaining unfound treasures in the U.S. is thought to be sitting somewhere along the Atlantic coast of Florida. Small finds like hundreds of gold coins have created a sort of trail of breadcrumbs, suggesting that the San Miguel, a Spanish treasure ship lost in 1715, went down near Amelia Island. The vessel was carrying gold and other valuable items, potentially the Queen's jewels, that Amelia Research and Recovery says could be worth as much as $2 billion today.

Despite finding fragments of other ships that were part of the Spanish cargo fleet alongside the San Miguel, no one has found the suspected billion-dollar haul yet. One salvage company, Queens Jewels, now owns rights to the 1715 fleet shipwreck site, and up to two dozen subcontractors sign up to search the site alongside it every summer.

### Pahrump, Nevada

Pahrump, Nevada, 62 miles west of Las Vegas and 30 miles from Death Valley Junction, is where the casino heir Ted Binion is thought to have buried a bundle of silver. Binion died in 1998, allegedly at the hands of his girlfriend and her lover, who were potentially motivated by a highly valuable silver collection. After his death, Nye County police discovered a 12-foot-deep vault containing six tons of silver bullion, cash, and thousands of rare coins on one of Binion's properties in Pahrump.

While much of the discovered silver went to Binion's daughter, much more of it, millions of dollars' worth, is thought to remain buried on the property. In 2019, one of Binion's former ranch hands was arrested for attempting to dig it up.

### Catskill Mountains (New York)

Dutch Schultz (real name Arthur Flegenheimer) was a well-known crime boss in New York City during the '20s. He made a fortune with bootlegged liquor, illegal lotteries, and other criminal activities. When he was being prosecuted for tax evasion, Schultz allegedly stashed some of his fortune in a secret location in the Catskill Mountains. The 'treasure' was said to include cash in the form of $1,000 bills, diamonds, and gold coins.

Schultz was acquitted of tax evasion, but prosecutors started pursuing other charges, so, he was not able to retrieve his hidden loot. He managed to avoid jail but was eventually gunned down on orders from rival crime bosses. Some say Schultz mumbled incoherently about the treasure as he bled out after being shot. Others tell of maps that the city-dwelling mob men were unable to decipher. Many think the treasure is buried near the hamlet of Phoenicia, New York.

rajeshsharma1049@gmail.com



Jade Cove (California)

#RARE


# Misunderstood Muslin



## The Truth Behind the World's Finest Fabric

For centuries, muslin has held an almost mythical place in the world of textiles. Light as air, famously soft, and once prized by royalty and emperors, historic Dhaka muslin was known as one of the finest fabrics ever made. But today, a cloud of confusion surrounds the word muslin, and textile experts are warning that misconceptions and mislabeling are distorting its legacy.

"There is no standardized definition of muslin anymore," says a textile historian visiting the V&A Museum's East Storehouse in London. "As a result, it's easy for people and brands to use the word in misleading ways. What we call muslin today is often not the muslin of history."



### The Lost Cotton Plant

The original Dhaka muslin was woven in Bengal (modern-day Bangladesh) from a very specific cotton plant called *Phuti karpas*, which grew only in certain microclimates along the Meghna River. Its ultra-fine, long-staple fibers made it possible to hand-spin and weave yarns so delicate, they were said to float in air or pass through a ring.

That plant no longer grows naturally today. Due to colonial trade policies, industrialization, and environmental shifts, Phuti karpas disappeared in the 19th century, making authentic historical muslin production impossible.

### Efforts to Revive It

Seed samples preserved at Kew Gardens in London have become a vital part of a revival effort involving plant geneticists, historians, and textile artisans from Bangladesh and the UK. While promising progress has been made in recreating the conditions for the cotton and the weaving techniques, experts admit, "It has not yet reached widespread success. We are still in the early stages of bringing it back to its original form."

The modern muslin available in shops today is typically made from commercial cotton yarns, produced by machine spinning. While still soft, breathable, and highly valued, these versions lack the unique texture, transparency, and craftsmanship of the muslin that once emerged from the looms of Dhaka.

### Feeling the Difference

A recent handling session of historical Dhaka muslin at the V&A Museum, one of the few institutions with original samples, revealed just how extraordinary the fabric was.

"This is the second time I've handled it," one textile researcher remarked. "It is unlike any other cotton I have ever felt. You simply cannot understand the magic of muslin without touching it."

### Online Misinformation Spreading Fast


Adding to the confusion, viral videos and blog posts often contain incorrect or partially true information about muslin. Despite good intentions, they contribute to a distorted public understanding of the fabric's history and current availability.

"Unfortunately, many of these posts reach millions, while the more accurate, research-based work goes unnoticed," the expert added. "Still, if even a few readers come away with a clearer understanding, that's progress."

As researchers continue to work towards reviving authentic muslin, the legacy of this lost textile reminds us of the rich cultural and botanical history woven into fabric. Muslin is not just cloth, it's a story of climate, craftsmanship, colonization, and conservation.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पावटा में गृह प्रवेश से पहले चोरों ने घर से लाखों के जेवर व नगदी चुराई

## घर में घुसने के लिए रसोई में लगी चिमनी का सहारा लेकर अंदर दाखिल हुए थे चोर

**पावटा,** (निसं)। क्षेत्र में ग्राम बड़नगर के सारणों की ढाणी में चोरी की एक वारदात सामने आई है, जहां गृह प्रवेश से पहले ही चिमनी के रास्ते चोरों ने प्रवेश कर सूने मकान को निशाना बना लिया। हैरानी की बात यह रही कि बदमाश घर में घुसने के लिए रसोई में लगी चिमनी का सहारा लेकर अंदर दाखिल हुए और बड़ी सफाई से लाखों रुपए की नकदी व सोने-चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, परिवार द्वारा नए मकान में जल्द ही गृह प्रवेश की तैयारियां चल रही थीं। वहीं मकान मालिक राजू सारण अपने बेटे के साथ एक शादी में गया हुआ था। वही घर में अकेली उसकी पत्नी मीना देवी पास ही मंदिर में दिया बत्ती कर एक शादी में वार फेर करने गई हुई थी। इसी बीच मकान को सूना देख अज्ञात चोरों ने लाइट काट कर सीढ़ियों के सहारे छत पर जाकर रसोई में लगी चिमनी का सहारा लेकर अंदर दाखिल हुए व घर में अलमारी व संदूक खंगाल डाले और कीमती सामान समेटकर फरार हो गए। घटना का खुलासा तब हुआ जब रात करीब 10 बजे मीना देवी घर पहुंची और लाइट कटी देख पास में रह रहे अपने जेठ व जेठानी को फोन किया उनके आने पर अंदर जाकर देखा तो दरवाजे खुले मिले और सामान बिखरा हुआ मिला। नकदी व गहने गायब मिलने पर तुरंत प्रागपुरा थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया व प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम ने एसएफएल, एमओबी, बीटीएस टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए।



चोरी की वारदात के बाद आरोपी सामान बिखेर गये।

- **मकान मालिक अपने बेटे के साथ शादी में गया हुआ था, घर में अकेली पत्नी भी शादी में गई हुई थी**

प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम ने जल्द ही कार्यवाही कर चोरी की वारदात का खुलासा करने का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी रोष है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों से आमजन में भय का माहौल बन गया है, वहीं पुलिस की गश्त व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**झुंझुनूं,** (निसं)। पॉक्सो न्यायालय झुंझुनूं के विशिष्ट न्यायाधीश इसरार खोखर ने नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म के मामले में आरोपी अभिषेक उर्फ अभिराज पुत्र बोबीराज नायक को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना राशि जमा नहीं कराने पर आरोपी को तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

मामले के अनुसार तीन नवंबर 2024 को पीड़िता के पिता ने पुलिस थाना सिंघाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री घर से लापता हो गई है। पुलिस जांच के बाद आरोपी अभिषेक उर्फ अभिराज के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में चालान न्यायालय में पेश किया गया। राज्य सरकार की ओर से पैरवी कर रहे विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेंद्र सिंह भाम्बू ने न्यायालय को बताया कि 11 दिसंबर 2024 को पीड़िता पुलिस के समक्ष पेश हुई।

पीड़िता ने बयान में बताया कि आरोपी उसे बहला-फुसलाकर एवं डरा-धमकाकर चिड़ावा ले गया और बाद में चूरू से जयपुर पहुंचाकर मंदिर में शादी कर ली। इसके बाद आरोपी ने उसे जयपुर स्थित एक मकान में बंद रखा तथा कई बार जबरन दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के चलते पीड़िता ने एक बच्ची को जन्म भी दिया। अभियोजन पक्ष ने मामले में 13 गवाहों के बयान करवाए तथा 33 दस्तावेज न्यायालय में पेश किए। अभियोजन ने मामले को गंभीर प्रकृति का बताते हुए आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों एवं गवाहों के बयानों का गहन परिक्षण करते हुए आरोपी को विभिन्न धाराओं में क्रमश: 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये जुर्माना, पांच वर्ष का कठोर कारावास एवं 30 हजार रुपये जुर्माना तथा अन्य धारा में पांच वर्ष का कठोर कारावास एवं 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सभी सजाएं साथ-साथ चलाने के आदेश दिए गए हैं। न्यायालय ने आरोपी पर कुल एक लाख 60 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

# निर्माणाधीन मकान में करंट दौड़ा, दो घायल

**डूंगरपुर,** (निसं। जिले के सदर थाना क्षेत्र के माथुगामडा गांव में एक निर्माणाधीन मकान में काम करते समय अचानक मकान मालिक और एक कारीगर को करंट लग गया। हादसे में दोनों घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, माथुगामडा निवासी सूरजमल यादव के घर पर निर्माण कार्य चल रहा था। गेजी

- **मकान मालिक और कारीगर हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आ गए**

उम्बेला निवासी कारीगर सुरमाल कटारा छत की भराई के लिए सरिये बांधने का काम कर रहा था। मकान मालिक सूरजमल भी पास खड़े होकर काम का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान, मकान के ऊपर से गुजर रही हाई-वोल्टेज विद्युत लाइन की चपेट में दोनों आ गए। करंट का झटका इतना तेज था कि दोनों अपना संतुलन खो बैठे और सीढ़ियों से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने बिना समय गंवाये दोनों घायलों को निजी वाहन की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया।

# हनुमानगढ़ में हत्या के प्रयास का फरार आरोपी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (निसं)। रावतसर थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी संदीप उर्फ सैंडी (21) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। संदीप वार्ड नंबर 6, चाईया का निवासी है और लंबे समय से वांछित था।

- **आरोपी पर पांच हजार का इनाम घोषित था, रावतसर पुलिस ने कार्रवाई की**
- **मामले में पहले पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था**

जानकारी के अनुसार मामला 21 अक्टूबर 2025 को दर्ज किया गया था। पीड़ित सुभाषचंद्र ने रिपोर्ट में बताया था कि वह किकरालिया बस स्टैंड पर अपनी कार के पास खड़े थे। इसी दौरान एक बोलेरो कैंपर ड्राइवर ने उन्हें जान से मारने की नीयत से टक्कर मार दी। इस घटना में सुभाषचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए और कार भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। पीड़ित के अनुसार, बोलेरो कैंपर में 5-6 लोग सवार थे, जो घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने इस मामले में पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था। इनमें राकेश सिहाग, अक्षय वाल्मीकि, संजय जाट, अभिषेक कासानिया और विकास चौधरी उर्फ विक्की शामिल थे। अब इस मामले में वांछित चल रहे आरोपी संदीप उर्फ सैंडी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि संदीप की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसने लगातार प्रयास कर उसे दबोचा। यह कार्रवाई थाना अधिकारी ईश्वरानंद के नेतृत्व में एसआई विजेंद्र शर्मा और उनकी पुलिस टीम द्वारा की गई। गिरफ्तार आरोपी संदीप से पूछताछ जारी है और पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# कांग्रेस नेता पर स्याही फेंकने के मामले में थाना प्रभारी व पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**अजमेर,** (कासं)। कांग्रेस सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के पदाधिकारी पीयूष सुराणा पर पुलिस हिरासत के दौरान स्याही फेंकने के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने सुरक्षा में इसे गंभीर चूक मानते हुए गंज थाना प्रभारी महावीर सिंह, हैड कांस्टेबल प्रभात कुमार और संबंधित एएसआई को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

मामले के अनुसार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ कथित अमर्यादित सोशल मीडिया पोस्ट के मामले में गंज थाना पुलिस ने पीयूष सुराणा को हिरासत में लिया था। सुराणा जब पुलिस कस्टडी में थे, तभी भाजपा महिला मोर्चा की कुछ पदाधिकारी थाने पहुँचीं और विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस के घेरे के बीच ही सुराणा पर स्याही फेंक दी। थाने के भीतर हुई इस घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब कानूनी लड़ाई दोनों ओर से शुरू हो गई है, भाजपा की ओर से अमर्यादित पोस्ट के मामले में पीयूष सुराणा के खिलाफ पहले ही मामला दर्ज कराया गया था। वहीं कांग्रेस की ओर से सुराणा के छोटे भाई श्रेयांश सुराणा ने थाने में घुसकर स्याही फेंकने और दुर्व्यवहार करने के आरोप में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

एएसपी सिटी हिमांशु जांगिड़ ने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए दोनों पक्षों की ओर से दर्ज प्रकरणों की जांच दरगाह थाना प्रभारी दिनेश जीवनानी को सौंपी गई है। विभागीय स्तर पर भी यह जांच की जा रही है कि आखिर कड़े पहरे के बीच बाहरी लोग आरोपी तक पहुँचने में कैसे सफल रहे।

इधर पीयूष सुराणा ने अपने ऊपर लगे आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि विवादित फेसबुक पोस्ट से उनका कोई लेना-देना नहीं है और उनके सोशल मीडिया अकाउंट का किसी ने दुरुपयोग किया है।

पुलिस अब सुराणा के सोशल मीडिया अकाउंट्स की तकनीकी जांच करवा रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके कि पोस्ट किसने और कहां से की थी।




**सरवाड़ के निकटवर्ती गांव अजगरा में शुक्रवार को श्री शिव माली समाज का प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर सम्मेलन में 25 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामा। विवाह सम्मेलन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि समिति की और से वर-वधुओं को आवश्यक घरेलू सामान उपहार स्वरुप प्रदान किये गये। बाद में आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बाहर से आए हुए अतिथियों का समिति की और से स्मृति चिन्ह भेंटकर व साफा बंधवाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम ने शिरकत की।**

# डूंगरपुर में सूने मकान से लाखों के जेवर व नगदी चोरी

**डूंगरपुर,** (निसं)। शहर के सोनिया चौक स्थित एक रिहायशी मकान में अज्ञात बदमाशों ने घर का दरवाजा खोल कर अंदर पड़े सारे सामान को बिखेर दिया और उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण तथा लाखों की नगदी चुराकर ले गए। घटना के समय पीड़ित कुछ ही दूरी पर

- **गृहस्वामी कुछ ही दूरी पर स्थित दुकान पर कार्यरत था**

स्थित अपनी दुकान पर कार्यरत था। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जयराज श्रीमाल पुत्र कन्हैयालाल श्रीमाल जो कि सोनिया चौक में घर से कुछ ही दूरी पर किराणा की दुकान चलाता है तथा उसकी पत्नी विगत दो माह से उसकी पुत्री की प्रसूति होने के कारण उसके पास गई हुई थी। घर पर वह अकेला ही था तथा किराणा का अधिकांश सामान घर पर ही रखता था, जिसके कारण मुख्य दरवाजे पर तो केवल कुंडा ही लगाता था, जबकि अंदर के दरवाजे पर ताला लगा हुआ था। दोपहर में जब वह घर पर गया तो खिड़की खुली हुई थी और बाहर पड़ी पैंट में से नगदी गायब थी और अंदर के दरवाजे पर ताला यथावत लगा हुआ होने कारण उस समय तो उसने ध्यान नहीं दिया, लेकिन शाम को जब दुकान बंद करके घर गया और भीतर का दरवाजा खोला तो सारा सामान बिखरा हुआ था तथा लगभग 2.70 लाख रुपए अलमारी में पड़े व 28000 से अधिक पैंट में पड़े रुपये गायब थे। उसके अलावा लगभग साढे तीन किलो चांदी के आभूषण तथा 15 तोला सोने के आभूषण गायब थे। इतना सारा नुकसान देखकर फरियादी घबरा गया तथा तत्काल जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली तथा प्रार्थी से नगदी व चोरी के समान की लिखित रिपोर्ट ली।



चोरी की वारदात के बाद बिखरा हुआ सामान।

# मजदूर दिवस पर वेतन बढ़ोतरी एवं समस्याओं के निस्तारण की मांग

**भीलवाड़ा,** (निसं)। एक मई को मजदूर दिवस के अवसर पर भीलवाड़ा जिले में संचालित टेक्सटाइल एवं औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को लगातार बढ़ती हुई महंगाई से राहत दिलाने हेतु उनके वेतनमान में बढ़ोतरी एवं और दुगुना ओवरटाइम सुनिश्चित रूप से मिले इसको लेकर भीलवाड़ा जिला इंटक अध्यक्ष दीपक व्यास के नेतृत्व में जिला कलैक्टर को एक मांग पत्र सौंपा गया है। सभी श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश, न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी, दुगुनी ओवर टाइम एवं महंगाई भत्ते के पुननिर्धारण और श्रमिकों की आवास एवं खाद्य सुरक्षा आदि एवं कई फैक्ट्रियों में श्रमिकों को नहीं मिल रही अन्य सुविधाएं सी.एल., पी.एल., बोनस, ठोज्युटी आदि की समस्याओं को लेकर भी ध्यान आकर्षित किया गया।

मांग पत्र देते समय जिला महामंत्री कान सिंह चुंडावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भैरू सिंह टांक, नंदलाल गाडरी, बीपीएल श्रमिक संघ के अध्यक्ष सांवर दरोगा, गोपाल गुर्जर, डूंगर सिंह, मॉडर्न बस्टेड के गोपाल तेली, मदनसिंह टांक, ओमप्रकाश वैष्णव, जहीरूद्दीन मेवाफरोश, संपत गुर्जर, शंकर गुर्जर, रामेश्वर कुम्हार, श्रवण सिंह, जगदीश गुर्जर, मोहनलाल तेली, हरिप्रसाद जोशी, हरकचंद कोठारी सहित कई साथी उपस्थित थे।

# जोधपुर में श्रमिक संगठनों ने जुलूस निकाला

**जोधपुर,** (कासं)। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शुक्रवार को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों ने जुलूस निकाला। केन्द्रीय एवं प्रदेश स्तरीय ट्रेड यूनियन संगठनों द्वारा एकजुटता दिखाते हुए संयुक्त रूप से जुलूस निकाला गया। श्रमिकों में मुख्य रूप से विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों, विभागों तथा क्षेत्रों में कार्यरत असंगठित श्रमिक थे जो साधारणतया श्रम कानूनों के तहत विनिर्दिष्ट आठ घंटे काम करने के अधिकार से वंचित है तथा जिनसे नियमों के विपरीत आठ घंटे से अधिक कार्य लिया जाता है।

सभी श्रमिक संगठन व उनसे जुड़े अन्य संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी आज सुबह रेलवे स्टेशन रोड़ स्थित नार्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉइज यूनियन के कार्यालय पर एकत्रित हुए। यहां से जुलूस निकाला गया। जुलूस नार्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉइज यूनियन कार्यालय पर झण्डारोहण की रस्म तथा शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि के साथ आरंभ हुआ। इससे पूर्व केन्द्रीय श्रम संगठनों का एक दल जालोरी गेट स्थित स्व. राधाकृष्ण बोहरा तात् स्मारक पहुंचा व प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। जुलूस राजरणछोड़दास मंदिर, पुरी तिराहा व नई सडक़ चौराहा होता हुआ मजदूर मैदान पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गया। सभा को वक्ताओं ने सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों को लेकर संबोधित किया। वक्ताओं ने सभा में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र में काम के घंटे आठ के अधिकार को सुनिश्चित करने, विनाशकारी आर्थिक नीतियों तथा निजीकरण पर रोक लगाने, सार्वजनिक उपक्रमों पर हमले बंद करने, श्रम कानूनों में श्रमिक विरोधी संशोधनों को वापस लेने, ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगाने, केन्द्रीय जांच एजेन्सियों का दुरूपयोग बंद करने, नई पेन्शन योजना वापस लेकर ओपीएस लागू करने सहित श्रमिक समस्याओं के निवारण की मांग की गई।

# लूट मामले में महिला सहित दो गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने हनी ट्रेप में फंसा कर पीड़ित की सोने की चेन व नकदी लूट के मामले में महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से लूटा गया माल व वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में टीम ने हनी ट्रेप में फंसा कर लूट, अपहरण व फिरौती की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए आरोपी हिम्मत सिंह पुत्र फतह सिंह निवासी छातरड़ी झाड़ोल व अनु उर्फ चेरी पुत्री भेरूलाल पत्नी सत्यनारायण निवासरी टीडवास बरखेड़ा मंदसोर एमपी हॉल सर्वऋतु विलास को गिरफ्तार किया। सुखेर थाना क्षैत्र भेरवगढ रोड़ के पास फार्म हउस में पीडित को हनी ट्रेप में फंसा कर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में अनु ने सोशल मीडिया पर पीड़ित से दोस्ती कर अपने साथियों के साथ साजिश रच कर पीडित से मिलने के लिए फार्म हाउस पर गए। इस दौरान लूट की वारदात को अंजाम देकर उसका अपहरण कर सोने की चेन एवं पचास हजार रूपये लूटने के बाद दूसरे दिन छोड़ कर फरार हो गए थे।

# फरार आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। वाघपुरा थाना पुलिस ने लूट के मामले में तीन माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 25 जनवरी को किशनलाल पुत्र नानालाल निवासी बाल्वी बाघपुरा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 23 जनवरी को मोड़ासा से मजदूरी कर बाइक से घर लौट रहा था। खाटी कमदी के समीन नाड़ा नामक स्थान पर पिछे से बाइक पर आए तीन बदमाशों ने मुझे रोक कर मारपीट की तथा तलवार मार कर मेरा मोबाईल, 12 हजार रूपये नकदी लूट ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर बाघपुरा थानाधिकारी वेलाराम मय टीम ने राजीवर पुत्र प्रकाशचन्द्र निवासी उपली गोरण बाघपुरा को गिरफ्तार किया।

# जोधपुर में निजी अस्पताल में तोड़फोड़ सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के पाल रोड पर निजी अस्पताल में एक महिला की तीन दिन पहले मौत हो गई थी। बाद में गुस्साए परिजन ने अस्पताल के बाहर धरना दिया और फिर काफी समझाइश के बाद धरना समाप्त किया। गुस्साए परिजन की तरफ से अस्पताल परिसर में घुसकर कंप्यूटर सिस्टम के तोड़फोड़ करने और केश काउंटर कार्यरत स्टाफ से मारपीट भी गई। स्टाफ को जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया। अब स्टाफ की तरफ से देवनगर थाने में राजस्थान चिकित्सा सेवा अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया गया है।

- **निजी अस्पताल में एक महिला की तीन दिन पहले मौत के बाद में गुस्साए परिजन ने अस्पताल के बाहर धरना दिया और फिर धरना समाप्त किया**
- **गुस्साए परिजन की तरफ से अस्पताल परिसर में घुसकर कंप्यूटर सिस्टम के तोड़फोड़ करने और केश काउंटर कार्यरत स्टाफ से मारपीट भी गई थी**

जानकारी के अनुसार देवलिया बनाड़ गांव की 50 साल की कंचन कंवर की अस्पताल में तीन दिन पहले ऑपरेशन के बाद में मौत हो गई थी। परिजन और राजपूत समाज के लोगों ने अस्पताल के बाहर धरना प्रदर्शन के साथ हंगामा किया था। धरना दो दिन तक चला था। समझाइश के उपरांत धरना समाप्त किया गया था। बाद में शव का एम्स अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजन को सुपुर्द किया गया था। परिजन की तरफ से देवनगर थाने में परिवाद भी दिया गया था, जिस पर पुलिस की तरफ से जांच जारी है। साथ ही मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की कमेटी मामले को लेकर जांच भी कर रही है।

देवनगर पुलिस ने बताया कि बिरला स्कूल के पास रहने वाले अमित पंडित की तरफ से केस दर्ज कराया गया है। इसमें बताया कि वह निजी अस्पताल में कैश काउंटर पर कार्य संभालता है एवं उसके साथ कैलाश, अनिल भी कैश काउंटर का कार्य संभालते हैं। 29 अप्रैल को लगभग 2.30 बजे हॉस्पिटल के कैश काउंटर पर शम्भू सिंह मेड़तिया, अर्जुन सिंह रुन्किया, तेजपाल सिंह, श्रवण सिंह इंदा बालेसर और अन्य कई लोग गैंग बनाकर एकराय होकर एवं सोची-समझी साजिश के तहत आए और कैश काउंटर पर तोड़फोड़ करने लग गए। उसके साथ मारपीट की और काउंटर पर खड़े कैलाश व अनिल के साथ भी मारपीट करते हुए जातिसूचक अपशब्द बोले। बाद में शम्भू सिंह मेड़तिया ने बाहर जाकर अन्य लोगों को उकसाकर हॉस्पिटल के अंदर लेकर आया और काउंटर को नीचे गिराकर लगभग 1.50 लाख रुपये की लूटपाट की एवं कैश काउंटर पर कम्प्यूटर, कैश काउण्ट करने वाली मशीन, कार्ड स्कैन करने की मशीनरी को तोड़फोड़ कर खुर्दबुर्द किया एवं अन्य भी काफी नुकसान पहुंचाया। इस घटना से अस्पताल के कर्मचारियों में भय व्याप्त हो गया।

# नवलगढ़ : अस्पताल इंजेक्शन चोरीकांड में चौथा आरोपी भी गिरफ्तार

## 323 ह्यूमन एल्ब्यूमिन इंजेक्शन गायब होने के मामले में नवलगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई की

**झुंझुनूं/नवलगढ़,** (निसं)। नवलगढ़ के राजकीय जिला चिकित्सालय से महंगे ह्यूमन एल्ब्यूमिन इंजेक्शन चोरी होने के बहुचर्चित मामले में नवलगढ़ थाना पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मानवीय सूचना के आधार पर आरोपी दीपेन्द्र सैनी को दबोचकर मामले में बड़ा खुलासा किया है।

पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन तथा वृत्ताधिकारी महावीर सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी अजय सिंह

- **जयपुर के निजी अस्पताल में कार्यरत डायलिसिसकर्मी दीपेन्द्र सैनी दबोचा**

के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी दीपेन्द्र सैनी पुत्र नागरमल माली निवासी कांवट, जिला सीकर हाल डायलिसिसकर्मी मोनिका अस्पताल झोटवाड़ा जयपुर है। आरोपी को 30 अप्रैल को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

मामले की शुरूआत 5 अप्रैल 2026 को हुई, जब राजकीय जिला चिकित्सालय नवलगढ़ के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी महेन्द्र सबलानिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया गया कि 2 अप्रैल की सुबह मेल वार्ड में ड्यूटी कर रहे नर्सिंग स्टाफ ने दवाइयों की अलमारी से ह्यूमन एल्ब्यूमिन इंजेक्शन कम पाए जाने की सूचना दी। इसी दौरान वार्ड में मौजूद एक संदिग्ध युवती की तलाशी लेने पर उसके बैग से 8 इंजेक्शन बरामद हुए। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की। जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि अस्पताल से 323 ह्यूमन एल्ब्यूमिन इंजेक्शन गायब हैं। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि मामले में इससे पहले दिपाली कुमावत निवासी नवलगढ़, देवेन्द्र सिंह निवासी खाखोली सीकर तथा विकास निवासी बबाई हाल मुरलीपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब दीपेन्द्र सैनी की गिरफ्तारी के बाद मामले में और भी अहम खुलासों की संभावना जताई जा रही है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी अजय सिंह, उपनिरीक्षक संतोष, कांस्टेबल बाबूलाल, संतोष, मुकेश और नरेन्द्र की विशेष भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

